ALLEN

# SAMPLE PAPER

Subject - Hindi

Time : 3.15 Hrs | Class - XII | Maximum Marks: 80

विद्यार्थियों हेतु सामान्य निर्देशः–

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।

(3) जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।

(4) उत्तर स्वच्छ एवं सुपाठ्य लिखें।

(खण्ड–'अ')

प्रश्न 1. निम्नलिखित बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए– (1×16=16)

(1) जनसंचार का सबसे नया एवं लोकप्रिया माध्यम है–

(अ) रेडियो (ब) इंटरनेट (स) टी.वी. (द) सिनेमा

(2) 'डेस्क' से आशय है–

(अ) मेज (ब) पत्रकारिता

(स) विशेष लेखन की व्यवस्था (द) माध्यम

(3) निम्न में से कौनसी भाषा पूर्वी हिंदी में सम्मिलित है–

(अ) मैथिली (ब) मंडियाली (स) बघेली (द) कन्नौजी

(4) भाषा चिह्नों को प्रकट करने का माध्यम है–

(अ) ध्वनि (ब) व्याकरण (स) वाक्य (द) लिपि

(5) बच्चन की प्रारंभिक रचनाओं में किस कवि का प्रभाव है–

(अ) मीर (ब) उमरखय्याम (स) गालिब (द) इनमें से कोई नहीं

(6) समकालीन हिंदी कविता के संवेदनशील नागर चेहरा हैं–

(अ) रघुवीर सहाय (ब) रघुपतिसहाय

(स) कुँवर नारायण (द) आलोक धन्वा

(7) फिराक की 'रूबाइयाँ' में रस है–

(अ) करूण रस (ब) शांत रस (स) वीर रस (द) वात्सल्य

(8) धर्मवीर भारती का जन्म हुआ है–

(अ) 1926, इलाहाबाद (ब) 1926, काशी

(स) 1927, इलाहाबाद (द) 1927, काशी

(9) 'स्मृति की रेखाएँ' किसके द्वारा रचित है–

(अ) जैनेंद्र कुमार (ब) यशपाल (स) महादेवी वर्मा (द) फणीश्वरनाथ

(10) दुष्यंत शंकुतला के चित्र में क्या लगाना भूल गए–

(अ) रंग (ब) चमेली का फूल (स) शिरीष का फूल (द) पलाश के फूल

(11) लुट्टन किस उम्र में अनाथ हुआ–

(अ) 7 वर्ष (ब) 8 वर्ष (स) 9 वर्ष (द) 10 वर्ष

(12) यशोधर बाबू किसके गाने गाते थे–

(अ) मो. रफी के (ब) मुकेश के (स) मन्ना डे के (द) सहगल के

(13) साहित्य, संगीत की ओर बढ़ते किशोर के कदमों की आकुल आहट किस पाठ में सुनी जा सकती है–

(अ) सिल्वर वैडिंग (ब) जूझ

(स) अतीत में दबे पाँव (द) कोई नहीं

(14) 'मुअनजो–दड़ो' का अर्थ है–

(अ) मेलुहा (ब) मैदानी संस्कृति (स) प्राचीन सभ्यता (द) मुर्दों का टीला

(15) शहर की मुख्या सड़क 'फर्स्ट स्ट्रीट' कहाँ है–

(अ) डीके क्षेत्र में (ब) एच.आर.हलका में (स) हड़प्पा में (द) वी.एस हलका में

(16) बच्चों ने किस विलायती परम्परा का आग्रह किया–

(अ) लड्डूखाना (ब) केक काटना (स) डांस करना (द) गले मिलना

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (6×1=6)

(1) 'कलिंग साहसी है' वाक्य में .................. शब्द–शक्ति है।

(2) 'पानी गए न उबरे, मोती, मानुष चून' पंक्ति में व्यंजना का ................ प्रकार है।

(3) 'बिनु पद चले, सुने बिनुकाना कर बिनुकर्म करे विधि नाना' – पंक्ति में ................ अलंकार है।

(4) जहाँ वक्ता द्वारा बोले गये शब्दों का दूसरा व्यक्ति जानबूझ कर अलग अर्थ निकाले उसे .......... अंलकार कहते है।

(5) '*Endorsement*' शब्द का हिंदी अर्थ ................... है।

(6) 'अनुसूची' शब्द का अंग्रेजी शब्द .................... है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (6×1=6)

समय वह सम्पत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है। जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते है वे शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते हैं। इसी समय–सम्पत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता–स्वरूप बन जाता है। इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता है। संतोष, हर्ष या सुख तब तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक कि वह उचित तरीके से अथवा रीति से समय का सदुपयोग नहीं करता है। समय निस्सन्देह एक रत्न–राशि है। जो कोई इसे अपरिमित और अगणित रूप से अंधा–धुन्ध व्यय करता है वह दिन–दिन अकिंचन, रिक्त–हस्त और दरिद्र होता है। वह आजीवन खिन्न और समय को कोसता रहता है। सच तो यह है कि समय का सदुपयोग करना आत्मोन्नति तथा उसे नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या है।

(1) समय का सदुपयोग करने से क्या लाभ होता है?

(2) मनुष्य आजीवन खिन्न कब रहता है?

(3) 'समय वह सम्पत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है।' इस वाक्य को साधरण वाक्य में बदलिए।

(4) 'अगणित' शब्द में मूल शब्द, उपसर्ग एवं प्रत्यय बताइए।

(5) संतोष या हर्ष कब तक प्राप्त नहीं होता?

(6) गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6×1=6)

विचार लो कि मर्त्य हो, न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सु–मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यही पशु–प्रवृत्ति है कि आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(1) 'विचार लो कि मर्त्य हो, न मृत्यु से डरो कभी'–पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

(2) पशु–प्रवृत्ति क्या बताई गई है?

(3) 'उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती'– सृष्टि में किसका प्रसार होता है?

(4) 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' पंक्ति का आशय बताइए।

(5) कवि के अनुसार मनुष्यता क्या है?

(6) काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

## (खण्ड–'ब')

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए–

प्रश्न 5. फोन–इन से क्या आशय है? (2)

प्रश्न 6. 'छोटा मेरा खेत' कविता का उद्देश्य लिखिए। (2)

प्रश्न 7. भक्तिन का बचपन कैसा था? स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 8. यशोधर बाबू बिड़ला मंदिर जाकर क्या करते थे? (2)

प्रश्न 9. मुअनजो–दड़ो को महानगर क्यों कहा जा सकता है? दो कारण लिखिए। (2)

(खण्ड–'स')

प्रश्न संख्या 10 से 14 के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखिए–

प्रश्न 10. बाजार किसी की जाति, लिंग, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता, वह देखता है सिर्फ उसकी क्रय–शक्ति को। एक प्रकार से बाजार सामाजिक समता की रचना करता है। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

"जब–जब शिरीष की ओर देखता हूँ, तब–तब हूक उठती है" लेखक के मन में हूक क्यों उठती हैं? उन्हें किसकी याद हो आती हैं?

प्रश्न 11. निराला की 'बादल राग' कविता उनके प्रगतिवादी दृष्टिकोण की परिचायक है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में यह रचना कितनी प्रासंगिक है? स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

'पतंग' कविता एक बिम्ब प्रधान रचना है। कविता में प्रयुक्त बिंब कौन–कौन से है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12. कुलधरा कहाँ स्थित है? लेखक को मुअनजो–दड़ो में घूमते उसकी याद क्यों हो आई? (3)

अथवा

"एक सच्चा मित्र भी व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है।" 'जूझ' पाठ के आधार पर आनंद यादव के जीवन पर वसंत पाटिल का क्या प्रभाव पड़ा? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13. डॉ॰ भीमराव आम्बेडकर का जीवन परिचय लिखिए। (3)

अथवा

फिराकगोरखपुरी का जीवन परिचय लिखिए।

प्रश्न 14. 'विद्यालय का खेल मैदान' विषय पर फीचर लिखिए। (3)

अथवा

'आलेख' के विषय में लिखिए।

(खण्ड–'द')

प्रश्न 15. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (6)

इस दंड–विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी, जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल–जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता। सारी चुगली–चबाई की परिणति, उसके पत्नी प्रेम को बढ़ाकर ही होती थी। जिठानियाँ बात–बात पर धमाधम पीटी–कूटी जाती; पर उसके पति ने कभी उँगली भी नही छुआई। वह बड़े बाप की बड़ी बात वाली बेटी को पहचानता था। इसके अतिरिक्त परिश्रमी तेजस्विनी और पति के प्रति रोम–रोम से सच्ची पत्नी को वह चाहता भी बहुत रहा होगा, क्योकि उसके प्रेम के बल पर ही पत्नी ने अलगौझा करके सबको अंगूठा दिखा दिया।

अथवा

हम आज देश के लिए करते क्या हैं? माँगें ही क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हैं पर त्याग का कही' नाम–निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं। आखिर कब बदलेगी यह स्थिति?

प्रश्न 16. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (6)

मैं और, और जग और, कहाँ का नाता,
मैं बना–बना कितने जग रोज मिटाता,
जग जिस पृथ्वी पर जोड़ा करता है वैभव,
मैं प्रति पग से उस पृथ्वी को ठुकराता।

अथवा

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाय
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रहीं थी।
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह–वाह।

प्रश्न 17. जिला निर्वाचन अधिकारी, झुन्झुनू द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने नामावली सुधार को लेकर अधिसूचना तैयार कीजिए। (4)

अथवा

सचिव, शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर की ओर से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर को '15 अक्टुबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस' पर समस्त राजकीय विद्यालयों मे हाथ धोने एवं स्वच्छता के महत्त्व हेतु एक अर्द्धसरकारी पत्र लिखिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए।(5)

(1) समाचार–पत्रों का महत्त्व
(2) जनसंख्या वृद्धिः घटती समृद्धि
(3) भारतीय संस्कृति और योग
(4) साइबर अपराध के बढ़ते कदम